**माननीय कार्यकारी अध्यक्षः** चूंकि पहला प्रस्ताव पास हो गया है, इसलिए नियमानुसार अन्य प्रस्तावों को लाने की आवश्यकता नहीं है। अतः मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि श्री विजेंद्र गुप्ता जी नवगठित आठवीं विधान सभा के अध्यक्ष निर्वाचित हो गए हैं। मैं नव-निर्वाचित अध्यक्ष श्री विजेंद्र गुप्ता जी को हार्दिक बधाई देता हूँ। मुझे पूरा विश्वास है कि आप इस दायित्व को बखूबी निभायेंगे तथा सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलायेंगे। जिस आसन पर आज आप विराजमान होने वाले हैं, उस पर श्री विट्ठल भाई पटेल जैसे महान नेता विराजमान हो चुके हैं, जो भारत के संसदीय इतिहास में प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष थे। मुझे उम्मीद है कि आप सदन के नियमों और परम्पराओं का सम्मान करते हुए निष्पक्षतापूर्वक अपने कर्तव्य का पालन करेंगे। मैं यह भी आशा करता हूं कि पक्ष और प्रतिपक्ष के सभी माननीय सदस्यों का सहयोग आपको मिलता रहेगा। इन्हीं शब्दों के साथ मैं एक बार फिर नव-निर्वाचित अध्यक्ष श्री विजेंद्र गुप्ता जी को बधाई देता हूँ। अब मैं माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी से अनुरोध करूंगा और श्रीमती आतिशी जी से अनुरोध करूंगा कि वो नव-निर्वाचित अध्यक्ष को उनके आसन तक लेकर आएं।

(सदन की नेता एवं माननीया मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता तथा माननीया नेता, प्रतिपक्ष श्रीमती आतिशी नव-निर्वाचित अध्यक्ष श्री विजेंद्र गुप्ता को उनके आसन तक लेकर आए)

(नवनिर्वाचित माननीय अध्यक्ष श्री विजेंद्र गुप्ता जी अध्यक्ष पद पर पीठासीन हुए।)

**माननीय अध्यक्ष (श्री विजेन्द्र गुप्ता):** मैं सभी को प्रणाम करता हूं और माननीया मुख्यमंत्री जी अपने विचार व्यक्त करेंगी, उसके लिए उनको आमंत्रित करता हूं।

**माननीया मुख्यमंत्री (श्रीमती रेखा गुप्ता):** मैं आज इस आठवीं विधानसभा के पहले सदन में हमारे नवनिर्वाचित अध्यक्ष माननीय सदस्य विजेंद्र गुप्ता जी को दिल की गहराई से बहुत-बहुत बधाई देना चाहूंगी, जिन्होंने दिल्ली की सेवा में अपना जीवन लगाया। तीन बार निगम पार्षद रहते हुए, दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष रहते हुए और इससे पहले दो बार विधायक के रूप में नेता, प्रतिपक्ष की भूमिका निभाते हुए जो आपने दिल्ली के लिए काम किया, दिल की गहराई से आदरणीय विजेंद्र गुप्ता जी को मेरी ओर से बहुत-बहुत बधाई। आपका अनुभव, आपका ज्ञान और आपका जो पूरा इस सामाजिक जीवन में विधायक रहते हुए जो एक्सपीरियंस है वो इस सदन के काम आएगा और पूरा संसदीय प्रणाली से, लोकतांत्रिक प्रणाली से आप इस सदन को चलाएंगे और हम सब सदस्यों को इस सदन में ये मौका मिलेगा कि हम अपनी बात को

बखूबी रख सकें और बहुत ही सौहार्दपूर्ण माहौल में इस सदन को गरीमापूर्ण तरीके से आपकी अध्यक्षता में चलने का मौका मिलेगा, दिल की गहराई से बहुत-बहुत बधाई। बहुत संघर्ष किये हैं विजेंद्र जी ने नेता, प्रतिपक्ष रहते हुए कई बार बहुत ही बुरे व्यवहार का सामना भी आपको करना पड़ा, जब कई बार आपको यहां से उठाकर के बाहर भेज दिया जाता था, परन्तु आपकी अध्यक्षता में चल रहे इस सदन में किसी भी माननीय सदस्य के साथ ऐसी स्थिति ना आए, मुझे लगता है कि आप सबको नियमों का पालन करवाते हुए अच्छे माहौल में इस सदन को चलाएंगे, एक बार फिर से मेरी ओर से बहुत-बहुत बधाई।

**माननीय अध्यक्षः** मैं सुश्री आतिशी जी से अनुरोध करूंगा कि वो अपने विचार रखे।

**श्रीमती आतिशी (माननीया नेता, प्रतिपक्ष):** सबसे पहले तो मैं हमारे पिछली विधान सभा में भी साथी रहे विजेंद्र गुप्ता जी जो नेता, प्रतिपक्ष रहे, दो बार नेता, प्रतिपक्ष रहे आज दिल्ली विधान सभा के स्पीकर बने है, मैं हमारे सभी साथियों की ओर से आपको बहुत-बहुत बधाई देती हूं, बहुत-बहुत मुबारकबाद देती हूं। विजेंद्र गुप्ता जी ने हमेशा विधान सभा में लोगों के मुद्दे उठाए, मजबूती से उठाए और आज आपको अध्यक्ष बनने पर बहुत-बहुत बधाई। लेकिन अध्यक्ष महोदय एक बात पर बहुत दुख व्यक्त करूंगी जो आपके स्पीकर होने के नाते आपकी दिल्ली विधान सभा में जो

दलित विरोधी, सिख विरोधी एक्शन हुआ है। मुख्यमंत्री कार्यालय से बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की और शहीदे आजम भगत सिंह की फोटो हटा दी गई है, जो दिखाता है कि भारतीय जनता पार्टी की दलित विरोधी मानसिकता है, सिख विरोधी मानसिकता है। बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर कौन है, वो व्यक्ति हैं जिन्होंने भारत को संविधान दिया, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर वो व्यक्ति हैं जिन्होंने दलितों को अधिकार दिया।

**माननीय अध्यक्ष:** मैडम बैठिए।

**श्रीमती आतिशी (माननीया नेता, प्रतिपक्ष):** शहीदे आजम भगत सिंह वो व्यक्ति हैं।

**माननीय अध्यक्ष:** मैडम बैठिए, आप शिष्टाचार का।

**श्रीमती आतिशी (माननीया नेता, प्रतिपक्ष):** जिन्होंने 23 साल की उम्र पर जान गंवा दी भारत को आजादी दिलाने के लिए लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने सरकार में आते ही मुख्यमंत्री कार्यालय से बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर हटा दी।

**माननीय अध्यक्ष:** आप बैठिए मैडम, बैठिए।

**श्रीमती आतिशी (माननीया नेता, प्रतिपक्ष):** शहीदे आजम भगत सिंह की तस्वीर हटा दी।

**माननीय अध्यक्ष:** आप बैठिए। अब मैं अनुरोध करूंगा मनजिंदर सिंह सिरसा जी अपने विचार रखेंगे। मनजिंदर सिंह सिरसा जी।

**माननीय उद्योग मंत्री ( श्री मनजिंदर सिंह सिरसा ):** धन्यवाद अध्यक्ष जी। आज हमें बहुत हर्ष है, हम सबके लिए बहुत हर्ष का मौका है। आज विजेंद्र गुप्ता जी जो लम्बे समय से।

....व्यवधान....

**माननीय अध्यक्ष:** हां बोलिये। आप बैठ जाईये। बैठ जाइए बैठिये, बैठिये। बैठिये, बैठिये। बैठिये, बैठिये।

....व्यवधान....

**माननीय उद्योग मंत्री:** हो गया, हो गया। हो गया, हो गया, चलिए बैठिये। हो गया।

....व्यवधान....

**माननीय अध्यक्ष:** बैठिये, बैठिये, बैठिये।

**माननीय उद्योग मंत्री:** अध्यक्ष जी व्यवस्था बनाइए।

....व्यवधान....

**माननीय अध्यक्ष:** बैठिये, बैठिये आप। बैठिये। मैडम बैठिये, मैडम बैठिये। मैडम बैठिये। देखिये चेयर की रिस्पेक्ट करने से ही बात बनेगी। आप बैठिये, आप भी बैठिये, आप भी बैठिये मनजिन्दर जी। ये जो समय है ये शिष्टाचार यहां पे सम्बोधन था, आपको उसका पालन करना चाहिये था, राजनीतिक मंच नहीं बनाना चाहिये था।

.....व्यवधान....

**माननीय अध्यक्षः** मैं कड़े शब्दों में, कड़े शब्दों में आतिशी जी के व्यवहार की निंदा करता हूं कि उन्होंने सौहार्दपूर्ण वातावरण में चल रहे इस सदन को बिना कारण के डिस्टर्ब करने की कोशिश की, मुद्दा उठाने के लिये आपको पूरा समय मिलेगा, आप जितने मर्जी मुद्दे उठाईये, लेकिन आप अगर मुद्दा उठाने से पहले इस तरह का वातावरण यहां बनाना चाहेंगी तो ये विपक्ष का गैर जिम्मेदारपूर्ण रवैया, ये बर्दाश्त नहीं होगा। धन्यवाद। बैठिये। मनजिन्दर सिंह सिरसा जी।

....व्यवधान....

**माननीय अध्यक्षः** मनजिन्दर सिंह सिरसा जी। मनजिन्दर सिंह सिरसा जी।

**माननीय उद्योग मंत्रीः** अध्यक्ष जी मैं आपको बहुत बहुत बधाई देता हूं। जिस तरीके से अभी आप।

....व्यवधान....

**माननीय अध्यक्षः** मनजिन्दर सिंह सिरसा।

....व्यवधान....

**माननीय उद्योग मंत्रीः** संजीव भाई बैठिये।

....व्यवधान....

**माननीय अध्यक्षः** मुझे लगता है कि विपक्ष जो है सदन को सुचारू रूप से नहीं चलने देना चाहता, मैं चेतावनी देता हूं, आप अपना स्थान ग्रहण करिये। अगर आपने नियम और कानून का उल्लंघन किया और अराजकता फैलाने की कोशिश की सदन में तो उसको सहन नहीं किया जायेगा। ये आपका व्यवहार निंदनीय है, इस पर आपका व्यवहार अराजकतापूर्ण है, मेरा आपसे अनुरोध है कि आप सदन की गरिमा को बनायें और अपना स्थान ग्रहण करें, मैं फिर चेतावनी दे रहा हूं, आपको फिर चेतावनी दे रहा हूं आप सदन की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं, अराजकता कर रहे हैं यहां, अराजकतावादी लोगों को मैं ये कहना चाहता हूं तमाम अपने साथियों को कि वो इस पूरे मामले पर, इस पूरे मामले पर अपना स्थान लें।

....व्यवधान....

**माननीय उद्योग मंत्रीः** देखिये चलिये।

**माननीय अध्यक्षः** और ये अराजकतापूर्ण व्यवहार निंदनीय है, सदन के पहले दिन ही कार्यवाही शुरू होते ही इस प्रकार की अराजकता सदन में फैलाना ये आम आदमी पार्टी के सदस्य उनको ये शोभा नहीं देता, ये पूरी तरह से अराजकता है, नियमों का उल्लंघन है और सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाई जा रही है। आसन का भी निर्देश का पालन न करना और बिना समय दिये बोलना ये कृत्य आपका निंदनीय है। मेरा आपसे अनुरोध है आप अपना स्थान लें और सदन की इस गरिमापूर्ण व्यवस्था को बिगाड़ने

का प्रयास न करें। मैं फिर आपको चेतावनी दे रहा हूं आप बैठिये, और सदन की गरिमा को समाप्त न करिये। सिरसा जी।

**माननीय उद्योग मंत्री:** मैं आज विजेंद्र गुप्ता जी के अध्यक्ष चुने जाने पर मैं उनको बहुत बहुत बधाई देता हूं।

....व्यवधान....

**माननीय अध्यक्ष:** मैं विपक्ष के सदस्यों को कहूंगा वो सदन की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं, सदन की गरिमा को तार-तार कर रहे हैं, सदन की गरिमा को वो पूरी तरह से, ये बधाई प्रस्ताव है, विधान सभा अध्यक्ष के चयन पर ये बधाई प्रस्ताव पर चर्चा हो रही है और उस चर्चा के समय इस तरह की बात, आपका बोलना, कहना आपके व्यवहार को मैं अनुचित करार देता हूं, ये व्यवहार पूरी तरह से अनुचित है, निंदनीय है, इसकी कड़े शब्दों में मैं निंदा करता हूं और मैं अनुरोध करता हूं आप अपने स्थान पर तुरंत बैठ जायें। आप सदन की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं, अध्यक्ष की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं, आप अपना स्थान लीजिये। बधाई प्रस्ताव पर अगर बात करनी है तो बधाई प्रस्ताव पर बात करने के लिये आप आमंत्रित हैं। मनजिन्दर सिंह सिरसा।

**माननीय उद्योग मंत्री:** धन्यवाद। मैं आप सबको धन्यवाद करता हूं विजेंद्र गुप्ता जी को आज अध्यक्ष के रूप में हम सब ने।

....व्यवधान....

**माननीय अध्यक्षः** बैठिये। बधाई प्रस्ताव पर आपके नाम आमंत्रित हैं जो सदस्य बधाई प्रस्ताव पर बोलना चाहते हैं उनके प्रस्ताव मेरे पास आये हैं, लिख कर भेज दीजिये। मनजिन्दर सिंह सिरसा जी।

**माननीय उद्योग मंत्रीः** विजेंद्र गुप्ता जी मैं आपको बहुत बहुत बधाई देता हूं। आपका बहुत लंबा एक्सपीरियंस है तीन बार निगम पार्षद के रूप में, स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन के रूप में हमने आपके साथ निगम में भी काम किया, हमने आपके साथ विधान सभा में भी काम किया, जो संसदीय प्रणाली की आपको जानकारी है और जिस तरीके से दिल्ली के मुद्दे आप बड़ी शिद्दत से उठाते रहे हैं तो हमें बहुत आज खुशी हुई कि जब आपको अध्यक्ष के रूप में इस सदन में सेवा का मौका मिला। ये हम सब के लिये बड़े हर्ष की बात है औरएक बात मैं जहां आपको बधाई देना चाहता हूं अपने सभी सदस्यों से मिल कर हम सब आपको बधाई देते हैं, हमें पता है कि ये जो विधान सभा में आपके साथ होता था जैसे अभी हमारी सीएम महोदया ने कहा, बहुत बुरा होता था। मैं अभी बैठा हुआ यही कह रहा था कि बहुत बुरा समय आपने देखा। लेकिन ऐसा होता है, ये समय का चक्र है कभी जो आपको उठा के बाहर फैंकते थे आज इस विधान सभा में नहीं रहे। लेकिन मैं एक बात अध्यक्ष जी आपके माध्यम से जरूर कहना चाहता हूं। मुझे दुख हुआ जब ये कहा गया जिन लोगों ने 1984 के कातिलों के साथ हाथ मिला के चुनाव लड़ा हो, जिन लोगों ने सज्जन कुमार, जगदीश टाईटलर को फारिग किया हो, जिन लोगों ने कहा

हो टाईटलर नेक आदमी है, सज्जन कुमार नेक आदमी इस पार्टी का था, समर्थन में चुनाव लड़ेंगे। जो इकट्ठे चुनाव लड़े हों, जो सिखों के कातिलों के गलों में सरोपे डालने वाले लोग आज हमें ये बता रहे हैं। हमें बड़ा दु:ख है कि इस पार्टी ने सिखों का कत्लेआम कराने वाली पार्टी का साथ दिया और इसी तरह से।

...व्यवधान...

**माननीय अध्यक्ष:** मेरा आपसे अनुरोध है बैठ जाईये, बैठ जाईये, बैठ जाईये आप बैठिये।

...व्यवधान...

**माननीय अध्यक्ष:** बैठ जाईये, बैठ जाईये आप बैठिये।

...व्यवधान...

**माननीय उद्योग मंत्री:** जो पाप आपने किया है मैं इसके लिये..

...व्यवधान...

**माननीय उद्योग मंत्री:** ...करता हूं, धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष:** मैं आपको बहुत प्यार से कह रहा हूं बैठिये, बैठिये, बैठिये आप। ये आप बैठिये, बैठिये, बैठिये आप। कुलवंत राणा जी।

...व्यवधान...

**माननीय अध्यक्षः** चलिये कुलवंत राणा जी।

**श्री कुलवंत राणाः** माननीय अध्यक्ष जी, आपके विधानसभा अध्यक्ष बनने पर आपको हार्दिक रूप से बहुत-बहुत बधाई। यह सत्य है कि इस कुर्सी पर माननीय विट्ठल भाई पटेल जी के बाद चरती लाल गोयल जी, चौधरी प्रेम सिंह जी, योगानन्द शास्त्री साहब, सुभाष चोपड़ा जी, अजय माकन जी और रामनिवास गोयल जी ने भी इस पद को सुशोभित किया है और यह भी सत्य है कि आपने अपने जीवन में प्रारंभ से ही आप समाज सेवा से जुड़े हुये हैं और आप निगम पार्षद पहले बने फिर आप विधायक भी बने, नेता, विपक्ष भी बने कार्पोरेशन में और फिर विधानसभा में भी आप दो बार नेता, विपक्ष रहे। तो इसमें कोई शक नहीं कि आपको बहुत अनुभव है और उस अनुभव का लाभ पूरे हाउस को मिलेगा, दिल्ली को प्राप्त होगा और मैं माननीय विपक्ष के सदस्यों से प्रार्थना करूंगा कि समय होता है हर चीज़ का उचित-अनुचित का ध्यान रखते हुये विरोध कब करना है, कब नहीं करना और कब धन्यवाद करना है उसका ध्यान रखेंगे। हाउस चलेगा और हाउस में आपका सहयोग चाहिये। उसके अलावा माननीय अध्यक्ष जी, आपके अध्यक्ष बनने पर बहुत-बहुत बधाई और मैं मफी चाहूंगा, कुछ नये मित्र हैं उनको अनुशासन का ध्यान रखना चाहिये और ज्यादा ना बोलते हुये पुनः आपको बहुत-बहुत बधाई, बहुत-बहुत आभार।

...व्यवधान...

**माननीय अध्यक्षः** मैडम बैठिये, आप बैठिये, अरविंदर सिंह लवली अपनी बात करेंगे मैडम आप बैठिये। सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलने दीजिये।

...व्यवधान...

**माननीय अध्यक्षः** सदन की कार्यवाही को, आप शुरू करिये शुरू करिये आप।

...व्यवधान...

**श्री अरविन्दर सिंह लवलीः** अध्यक्ष जी।

**माननीय अध्यक्षः** मैं विपक्ष को बताना चाहता हूं।

...व्यवधान...

**श्री अरविन्दर सिंह लवलीः** आप अध्यक्ष हाउस को आर्डर में लाईये ना।

**माननीय अध्यक्षः** मैं विपक्ष को बताना चाहता हूं ये बधाई प्रस्ताव है आप बैठिये, आप बैठिये बैठिये, बैठिये।

...व्यवधान...

**माननीय अध्यक्षः** लवली जी।

...व्यवधान...

**माननीय अध्यक्षः** बैठिये।

**श्री अरविन्दर सिंह लवली:** अध्यक्ष जी ये हाउस तो।

...व्यवधान...

**माननीय अध्यक्ष:** बहुत ही दु:ख की बात है की विपक्ष एक गैर-जिम्मेदार व्यवहार कर रहा है। विपक्ष के सदस्य गैर-जिम्मेदार विपक्ष के रूप में यहां पर अपना व्यवहार प्रस्तुत कर सदन की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं। आपको समय मिलेगा, जब आप चाहेंगे, जिस मुद्दे पर चाहेंगे मैं चर्चा करवाऊँगा, आपको पूरा समय दिया जायेगा लेकिन आपकी ये कार्यवाही सीधे तौर पर सदन की कार्यवाही को डिस्टर्ब कर रही है, सदन की गरिमा को ठेस पहुंचा रही है और सदन को सुचारू रूप से चलने से इसको रोका जा रहा है, मैं इसकी कड़े शब्दों में निदा करता हूं। मेरा अनुरोध है कि ये लोग बैठें क्योंकि ये पहले दिन ही सदन की कार्यवाही को डिस्टर्ब करना चाहते हैं और मैं सभी को ये कहना चाहता हूं कि शिष्टाचार बनाकर रखिये, सदन की कार्यवाही को आगे बढ़ने दिया जाये, सदन की कार्यवाही को रोकना पूरी तरह से गैर-कानूनी है और ये अपनी.

...व्यवधान...

**माननीय अध्यक्ष:** मेरा ये अनुरोध है कि आप अपना आसन ग्रहण करिये और सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलने दिया जाये।

...व्यवधान...

**माननीय अध्यक्षः** आम आदमी पार्टी पूरी तरह सदन को डिस्टर्ब करने के मन से आई है। सदन का पहला दिन ही सिर्फ डिस्टर्बेन्स करना और मैं चाहूंगा कि अरविन्दर सिंह लवली जी से पहले अभय वर्मा जी अपनी बात कहें, अभय वर्मा।

...व्यवधान...

**श्री अभय वर्माः** अध्यक्ष जी ये जो अभी नारा लगा रहे हैं।

**माननीय अध्यक्षः** मैं चाहूंगा विपक्ष के सदस्यों के माइक खोल दिये जायें।

**श्री अभय वर्माः** ये 62 से 22 पर आ गये इनको समझ में नहीं आ रहा है।

**माननीय अध्यक्षः** विपक्ष के सदस्यों के माइक खोल दिये जायें।

...व्यवधान...

**माननीय अध्यक्षः** विपक्ष के सदस्यों के माइक खोलें जायें ये डिस्टर्ब कर रहे हैं और इसलिये विपक्ष के सदस्य बोलेंगे, आप बोलिये।

...व्यवधान...

**माननीय अध्यक्षः** विपक्ष के सभी सदस्यों के माइक सबके खोलिये, विपक्ष के सदस्यों के माइक खोलिये, विपक्ष के सभी सदस्यों के माइक खोले जायें क्योंकि ये सदन को डिस्टर्ब कर रहे

हैं विपक्ष के सदस्यों से मेरा अनुरोध है आप माइक का इस्तेमाल कर सकते हैं, माइक का इस्तेमाल करिये। माइक पर अपनी बात रखिये।

...व्यवधान...

**माननीय अध्यक्षः** चलिये, सभी माइक खोलें। मुख्यमंत्री जी। खोलिये माइक सबके, सबके माइक खोलिये। आप माइक का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये सदन को डिस्टर्ब करने आये हैं और इनका, इनकी अराजकता के खिलाफ मेरा ये कहना है सदन में आवाज़ उठानी चाहिये, चलिये माइक खोलिये।

...व्यवधान...

**माननीय अध्यक्षः** चलाईये माइक, माइक खोलिये, खोलिये माइक।

...व्यवधान...

**माननीय अध्यक्षः** बहुत ही दुख की बात है कि सदन को डिस्टर्ब करने के लिए ये लोग खड़े हुए हैं। बहुत ही दुःख की बात है। सदन की कार्यवाही को डिस्टर्ब किया जा रहा है। सदन को पन्द्रह मिनट के लिए एडजॉर्न किया जाता है।

**(सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित की गई।)**

**सदन पुनः अपराह्न 2:41 बजे समवेत हुआ।**

**माननीय अध्यक्ष (श्री विजेन्द्र गुप्ता) पीठासीन हुए।**

**माननीय अध्यक्षः** अरविन्दर सिंह लवली जी।

**श्री अरविन्दर सिंह लवलीः** अध्यक्ष जी, मैं आपको बहुत-बहुत बधाई देता हूं और मुझे पूरी उम्मीद है कि आपके अध्यक्ष बनने के बाद इस सदन की लोकतान्त्रिक परम्पराएं दोबारा से बरकरार होंगी। इस सदन के अंदर प्राईवेट मेम्बर्स का डे होगा जिसको बाबा साहेब ने ही हमको अधिकार दिया है। इस सदन के अंदर प्रश्न काल फिर से लागू होगा जिसका अधिकार बाबा साहेब ने दिया है। आज जो बाबा साहेब के ठेकेदार बन रहे है, ग्यारह साल से लोकतंत्र की हत्या इस सदन के अंदर करते रहे हैं। वो सदन जिस सदन के अंदर महात्मा गांधी आये हों, वो सदन जिस सदन के अध्यक्ष विट्ठल भाई पटेल रहे हों, उस सदन में ग्यारह साल जो अम्बेडकर जी की लोकतान्त्रिक व्यवस्था की हत्या करते रहे हैं वो आज बाबा साहेब की बात कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि आपके अध्यक्ष बनने के बाद वो लोकतान्त्रिक मूल्य, वो लोकतान्त्रिक चीजें ...

...व्यवधान...

**माननीय अध्यक्षः** आप लोग बैठिये।

**श्री अरविन्दर सिंह लवलीः** फिर से इस सदन में बहाल होंगी।

**माननीय अध्यक्षः** सभी बैठिये। जरनैल सिंह जी, जरनैल जी बैठिये। आप बैठिये। आप बैठिये। पवन जी, पवन शर्मा जी बैठिये।

**श्री अरविन्दर सिंह लवलीः** ये सदन, ये सदन दोबारा से अपना वो खोया हुआ गौरव... अध्यक्ष जी आपकी अध्यक्षता में मुझे उम्मीद है कि जिस असेम्बलीज की पार्लियामेंट का स्वप्न बाबा साहेब ने रखा था वो स्वप्न फिर से साकार होगा। इस सदन की परम्पराएं फिर से बरकरार होंगी। इस सदन में क्वेश्चन आवर्स होगा, इस सदन में 280 होगा, इस सदन में प्राइवेट मेम्बर्स रेजोल्यूशन होगा और ग्यारह साल तक जो इस सदन की परम्पराओं को जो तारतार करते रहे हैं, उनको दिल्ली के लोगों ने सजा दी है। उनको जो है निश्चित तौर पर आने वाले समय में और मजबूती के साथ सजा देंगे। मैं आपको बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देना चाहता हूं।

**माननीय अध्यक्षः** तरविन्दर सिंह मारवाह

**श्री तरविन्दर सिंह मारवाहः** आपने जो तीन बार विधान सभा की सेवा की है। कार्पोरेशन की सेवा की है। आपने दिल्ली की सेवा की है। ये जो लोग हैं बीस-बीस गाड़ियां इनसे छिन गई है। बीस गाड़ियां छिन गई हैं। और तीसरी आप अकेली आ रही है। ये अब और क्या करेंगे, ये क्या करेंगे? इनके दस-दस गाडियां, दो-दो गाडियां। पैसे चले गए इनके पैसे। पैसे, पैसे चले गए अध्यक्ष जी। अध्यक्ष जी, पैसे-पैसे, पैसे-पैसे। अध्यक्ष जी, इनको दिल्ली की जो जनता ने करप्शन में, करप्शन में केजरीवाल अंदर गया, करप्शन में सिसोदिया अंदर गया, करप्शन में सत्येन्द्र जैन अंदर गया। आज इनको पैसे चाहिए, पैसे दे दो। पैसे, पैसे दे दो अध्यक्ष जी। इनको

पैसे, आतिशी को पैसे दे दो। पैसे चाहिए पैसे। पैसे चाहिए पैसे। अध्यक्ष जी इनको, आप लोग संविधान को नहीं मानते।

**माननीय अध्यक्षः** धन्यवाद।

**श्री तरविन्दर सिंह मारवाहः** ये अम्बेडकर की क्या बात करते है। ये संविधान को मानते नहीं है। संविधान को नरेन्द्र मोदी जी मानते हैं। अम्बेडकर को हम मानते हैं। ये नहीं मानते। अभी मैने नारे लगाये। जय भीम, जय भीम क्यों नहीं बोलते। इनको पैसे दे दो, पैसे। दस-दस गाड़ियां दे दो। चोरों को गाडियां दे दो, चोरों को। धन्यवाद अध्यक्ष जी।

**माननीय अध्यक्षः** अनिल झा। अनिल झा। आपको बधाई प्रस्ताव पर बोलना है। बधाई प्रस्ताव पर।

**श्री अनिल झाः** अध्यक्ष जी आपको तो बधाई है।

**माननीय अध्यक्षः** आप अपने ही सदस्य को नहीं बोलने दे रहे हैं। विपक्ष इतना गैर जिम्मेदार है। मैं विपक्ष के अनिल झा को बधाई प्रस्ताव परबोलाने के लिए आमंत्रित कर रहा हूं, आप उनको ही नहीं बोलने दे रहे। आप अपने ही सदस्य को नहीं बोलने दे रहे। आपसे ज्यादा गैर जिम्मेदार और कौन होगा। अनिल झा। अनिल झा अपनी बात कहेंगे। अनिल झा बधाई प्रस्ताव पर बोलेंगे और सिर्फ बधाई प्रस्ताव पर ही बात कर सकते हैं। अनिल झा। अगर आप नहीं बोलना चाह रहे हैं तो मैं हरीश खुराना। हरीश खुराना।

**श्री हरीश खुराना:** अध्यक्ष जी। आपका।

**माननीय अध्यक्ष:** बहुत ही खेद का विषय है कि विपक्ष के सदस्य को भी खुद नहीं बोलने दे रहे।

**श्री हरीश खुराना:** लोकतंत्र के..

**माननीय अध्यक्ष:** मतलब इतना गैर जिम्मेदार और अराजकतापूर्ण व्यवहार। मैं विपक्ष के सदस्य को बुलवा रहा हूं। उसे ही नहीं बोलने दे रहे और उसे ही आंखे दिखा रहे हैं आप। आप आंखे दिखा रहे हैं अपने ही सदस्य को कि नहीं बोलना। आप उसको आंखे दिखा रहे हो आप कि नहीं बोलना। अपने ही सदस्य को बोल रहे हैं। आप आपस में लड़ रहे हैं। आपस में लड़ रहे हैं आप। आपस में लड़ रहे है और सदन का समय खराब कर रहे हैं। मतलब आपके सदस्य को बोलने को कहा उसको ही आंखे दिखा कर मना कर रहे हैं आप। आप यहां पर चर्चा करने आयें है या यहां पर शोर मचाने आये हैं। बैठिये। मैं आपसे करबद्ध प्रार्थना करता हूं बैठिये। आज पूरा देश देख रहा है कि ये विपक्ष के सदस्य जो आम आदमी पार्टी से आते हैं ये किस प्रकार के उद्दंड हैं। मैं आपके व्यवहार को उद्दंड व्यवहार करार देता हूं, ये उद्दंडता नहीं चलेगी इस सदन में बैठिये आप सब लोग, बैठिये मैडम बैठिये। बहुत ही खेद का विषय है आपने अपने ही सदस्य को नहीं बोलने दिया। हरीश खुराना।

**श्री हरीश खुरानाः** आदरणीय अध्यक्ष जी, लोकतंत्र के इस मंदिर के इस पद पर आपको आज बैठने पर बहुत-बहुत बधाई हो और शुभकामनाएं हों और जिस प्रकार से आपका एक्सपीरियंस रहा है चाहे वो एमसीडी के अंदर हो, चाहे वो संगठन के मामले में हो, चाहे वो विपक्ष के नेता के तौर पर हो, जिस प्रकार का आपने कार्य किया है अपने आप में इन लोगों को सिखाने वाला काम करा है और मेरे लिए तो बहुत पर्सनल बात है क्योंकि मैंने अपना राजनीतिक जीवन आपके अध्यक्षीय कार्यकाल में शुरु किया, आपसे बहुत कुछ सीखने को मिला। मैं आशा करता हूं कि हम सब लोग जो पहली बार चुनकर आए हैं वो आपके अध्यक्षीय कार्यकाल में हम बहुत कुछ सीखेंगे। एक बार फिर आपको बहुत-बहुत बधाई, बहुत-बहुत शुभकामनाएं लेकिन विपक्ष के इस व्यवहार को हम कड़े शब्दों में इसकी निंदा करते हैं क्योंकि आज सिर्फ मामला था आपका धन्यवाद करने का, आपको बधाई देने का। आज इनको याद आ रही है भीम की, उस वक्त याद नहीं आई जब ये लोग आपको और विपक्ष को बाहर करते थे, तब अंबेडकर याद नहीं आए थे। तब अंबेडकर याद नहीं आए थे जब क्वेश्चन ऑवर नहीं होते थे, तब इनको याद नहीं आता था इसलिए ये प्रस्ताव मैं पेश करता हूं कि इन लोगों की घोर शब्दों में निंदा की जाए, जितनी भी निंदा की जाए वो कम है।

**माननीय अध्यक्षः** धन्यवाद हरीश जी, आप सभी सदस्यों का मैं आभार प्रकट करता हूं। माननीय सदस्यगण मैं इस महान सदन के

सभी माननीय सदस्यों का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने आज मुझे इस पद पर आसीन किया है तथा इस सदन को संचालित करने का गंभीर उत्तरदायित्व सौंपा है। यह सदन ऐतिहासिक है तथा यह पद लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं का प्रतीक है। भारत के संसदीय इतिहास के पहले निर्वाचित अध्यक्ष श्री विट्ठल भाई पटेल ने ठीक 100 वर्ष पहले यानी आज से 100 वर्ष पहले 1925 में इस आसन को सुशोभित किया था। मैं उनको श्रद्धापूर्वक, सादर नमन करता हूं। यह हमारा सौभाग्य है कि आज हम उस सभागार में बैठे हैं जहां हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने विराजमान होकर इसे सुशोभित किया था जिनमें श्री गोपाल कृष्ण गोखले, विट्ठल भाई पटेल, पंडित मदन मोहन मालवीय, श्री सुंदर सिंह मजीठिया, पंडित मोतिलाल नेहरू, लाला लाजपत राय जैसी विभूतियां थीं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी यहां दो बार आए थे। जब यह सभागार दिल्ली के निर्वाचित प्रतिनिधियों का सदन बना तो यहां पर सरदार गुरमुख सिंह, निहाल सिंह, श्री जग प्रवेश चंद्र, श्री लालकृष्ण आडवानी, श्री मीर मुश्ताक अहमद, श्री पुरुषोत्तम गोयल, श्री चरती लाल गोयल, श्री सुभाष चोपड़ा, श्री अजय माकन, चौधरी प्रेम सिंह, डॉक्टर योगानंद शास्त्री, श्री एमएस धीर, श्री राम निवास गोयल जैसे वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं ने इस आसन की शोभा बढ़ाई। मुझे विपक्ष की इस भूमिका पर खेद है इसलिए मैं अपना बाकी का वक्तव्य खड़े होकर पढ़ रहा हूं।

(विपक्ष के सदस्यों द्वारा नारेबाजी की गई।)

**माननीय अध्यक्षः** बहुत दुख की बात है कि इन लोगों को आसन का भी कोई सम्मान नहीं है। जब अध्यक्ष खड़े होते हैं तो सदस्यों को बैठना होता है। यह हमारे लिए सौभाग्य का विषय है कि पुराने सदनों के सदस्य रहे कई वरिष्ठ नेता निर्वाचित होकर आए हैं जिनके अनुभव का लाभ हमें निश्चित रूप से मिलेगा। साथ ही कई नये सदस्य भी निर्वाचित होकर आए हैं जो अपनी मेहनत और कुशल कार्य-प्रणाली से दिल्ली के विकास में अपना योगदान देंगे। सत्ता बदलती रहती है लेकिन सदन की गरिमा, मूल्य और परंपराएं शाश्वत रहते हैं। मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि मैं अध्यक्ष के रूप में अपने कर्तव्यों का पूरी सत्यनिष्ठा से पालन करूंगा। सत्ता पक्ष तथा प्रतिपक्ष दोनों पक्षों के सदस्य मेरे लिए समान हैं। सदन के लोकतांत्रिक मूल्यों का संरक्षण करना मेरी प्राथमिकता रहेगी। हम सबको मिलकर दिल्ली के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करना है यही हम सबका संकल्प होना चाहिए। सदन के सदस्यों को पूरे सामंजस्य के साथ कार्य करना चाहिए तभी वे जनता के प्रति अपने उत्तरदायित्व का पूरी तरह निर्वहन करने में सक्षम होंगे। विधायकों पर बहुत बड़ा उत्तरदायित्व होता है और हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि लोकतंत्र में जनता ही वास्तविक सत्ता की अधिकारी होती है। किसी भी विधानमंडल की छवि सदस्यों के आचरण से ही बनती है। सदस्यों को न केवल जनता की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं का ध्यान रखना है बल्कि उनकी आवाज को इस

सदन में भी उठाना है। सदन जनता की आशाओं का केंद्र बिंदु होता है। इसलिए सदस्यों को सदन में जनता के प्रति अपने उत्तरदायित्वों को ध्यान में रखना है।

विधायकों को सदन की बैठकों में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। महत्वपूर्ण विषयों पर प्रश्न पूछने चाहिए और सदन में होने वाली विभिन्न चर्चाओं के दौरान अपने विचार प्रकट करने चाहिए। संवैधानिक नियमों का पालन करना और उनकी रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। रचनात्मक भागीदारी और आपसी संवाद विधायी कामकाज के लिए आवश्यक है।

आइये, हम सब दिल्ली की जनता की समर्पण भाव से सेवा करने की प्रतिज्ञा लें। साथ ही हमारे क्रिया-कलापों में लोकतांत्रिक परम्पराओं के प्रति सम्मान और आपसी सद्भाव की भावना होनी चाहिए।

सदन नियमों से चलता है। हम सब इन नियमों से बंधे हैं। इसलिए मेरा सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि कार्यवाही के दौरान आप सभी निर्धारित नियमों का पालन करें। मैं आज ही यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि निर्धारित नियमों से अलग किसी भी प्रकार के प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

मैं सदन की नेता श्रीमती रेखा गुप्ता, सभी मंत्रीगण एवं सत्ता पक्ष तथा प्रतिपक्ष के सभी माननीय सदस्यों का आभारी हूँ कि आपने सर्वसम्मति से मुझे चुना और समर्थन दिया। साथ ही, मैं इस

सदन के वरिष्ठ सदस्य श्री अरविन्दर सिंह लवली के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने हम सभी को विधान सभा की सदस्यता की शपथ दिलाई।

मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि हमें इतनी शक्ति, धैर्य और विवेक प्रदान करे कि हम आने वाले पांच वर्षों के दौरान दिल्ली की जनता की भलाई के लिए अपना सार्थक योगदान दे सकें। समर्पण भाव, सार्थक चर्चा, सहयोग, संतुलन, सदाचार और समय का अधिकतम सदुपयोग हमारा ध्येय होना चाहिए।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं एक बार फिर आप सबका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। धन्यवाद।

सदस्यों, मैं आप सबको सूचित करना चाहूंगा, माननीय सदस्यगण को सूचना के साथ कि उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन के लिए कल दिनांक 25 फरवरी, 2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक नोटिस स्वीकार किये जायेंगे। उपाध्यक्ष का निर्वाचन 27 फरवरी, 2025 को किया जायेगा। इस बारे में बुलेटिन भी जारी कर दिया जायेगा।

कल दिनांक 25 फरवरी, 2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे माननीय उपराज्यपाल महोदय सदन को सम्बोधित करेंगे। मैं सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध करता हूं कि वे कल प्रातः 10 बजकर 45 मिनट तक सदन में अपना स्थान ग्रहण कर लें। इसके लिए कोरम बैल नहीं बजाई जायेगी।

सभी माननीय सदस्यों को यह भी सूचित किया जाता है कि दिनांक 27 फरवरी, 2025 को नियम–280 के अंतर्गत विशेष उल्लेख के मामले लिये जायेंगे। अत: माननीय सदस्य नियम–280 के अंतर्गत विशेष उल्लेख के मामलों के नोटिस दिनांक 25 फरवरी, 2025 शाम 5.00 बजे तक नोटिस ब्रांच, कमरा नं. 46 में दे सकते हैं।

अब सदन की कार्यवाही मंगलवार दिनांक 25 फरवरी, 2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है। धन्यवाद।

**(सदन की कार्यवाही मंगलवार दिनांक 25 फरवरी, 2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई।)**

© दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1991 की धारा 18 (2) के उपबंधों तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली विधान सभा प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 281 (2) के प्रावधानों के अंतर्गत प्रकाशित तथा ग्राफिक प्रिंटर्स, 2965 /41, बीडनपुरा, करोल बाग, नई दिल्ली-110 005 द्वारा मुद्रित।